## नियमों की खुलेआम उड़ा रहे धज्जियां, कर रहे मोटी कमाई, जिम्मेदार मौन

# दर्जनों बारातघरों में आग लगने पर बुझाने के नहीं हैं पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

हाल ही में ग्वालियर में दो बड़े मैरिज गार्डनों में शॉर्ट सर्किट से बड़ा अग्निकांड हो गया। इसमें करोड़ों का नुकसान हुआ है। इन दोनों मैरिज गार्डनों में तमाम तरह की सुविधाएं और व्यवस्थाएं जुटाई गई थी और कमाई भी अच्छी खासी हो रही थी लेकिन दोनों ही जगह आग बुझाने के प्रबंध नहीं थे।

ग्वालियर में हुई आगजनी की घटनाओं के बाद हरिभूमि द्वारा शहर के कुछ बारात घर व मैरिज गार्डन का जायजा लिया। शहर के अधिकांश मैरिज गार्डन में अगर विवाह या किसी आयोजन के दौरान आगजनी की घटना हो जाती है तो आग बुझाने के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। खास बात यह भी है कि शहर में संचालित हो रहे मैरिज गार्डन में से दर्जन भर से अधिक मैरिज गार्डन ही नगर निगम में पंजीकृत तक नहीं हैं। संचालकों द्वारा बारात घरों से मोटी कमाई तो कर रहे हैं लेकिन आग जनी जैसी घटनाएं रोकने के लिए न तो कोई ठोस इंतजाम किए जा रहे हैं



और न ही नियमों का पालन किया जा रहा है। शहर में जगह की कमी के चलते लोग विवाह समारोह सहित अन्य आयोजन बारात घरों तथा मैरिज गार्डन से करने लगे हैं। मैरिज गार्डन के संचालन के लिए शासन ने नियम भी बनाए हैं लेकिन मैरिज गार्डन में नियमों का संचालन नहीं हो रहा है। शहर के छोटी छोटी कालोनियों में भी अवैध बारात घर शासन के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

विवाह समारोह के दौरान अगर ग्वालियर की तरह ही कभी आगजनी की घटना होती है तो उस पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ सकती है। आगजनी पर काबू पाने के दौरान लोगों को जानमाल का नुकसान भी उठाना भी पड़ सकता है। शहर भर में कई बारात घर ऐसी जगह बनाए गए हैं जहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी काफी मशक्कत के बाद पहुंच पाएगी, या शायद घटना स्थल तक पहुंच ही न पाए।

कई बारात घरों में प्रवेश व निकासी के लिए एक ही गेट बनाए गए हैं जहां ऐसी घटनाएं हो जाने पर निश्चित ही जान माल का नुकसान होने की संभावना बढ़ सकती है। प्रशासन द्वारा वैवाहिक सीजन निकल जाने के बाद ही नोटिस जारी कर रश्म अदायगी कर अखबारों में कार्रवाई करने का ढ़िढोरा पीटा जाता है। बताया जाता है कि नियमानुसार बारात घरों में आने व जाने के लिए अलग अलग गेट होना चाहिए साथ ही बारात घर ऐसी जगह पर संचालित होना चाहिए जहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी आसानी से पहुंच सके। किचन में गारवेज होना जरूरी है ताकि कचरा न फैले, मैरिज गार्डन में पर्याप्त एरिया पार्किंग के लिए भी होना चाहिए, इसके अलावा पर्याप्त हरियाली हो ताकि पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोका जा सके, बारात घरों तथा मैरिज गार्डनों में घरेलू सिंलेडरों का भी जमकर उपयोग किया जा रहा है जो नियमानुसार गलत है।

# खेत में मिला प्रौढ़ शव जहरखुरानी की शंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिचूआ के समीप एक खेत में 50 वर्षीय व्यक्ति का शव की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी लगने के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान गांव के ही 50 वर्षीय अनिल दुबे के रूप में की गई है। जानकारी देते हुए स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि बिचुआ गांव के समीप खेत से दुर्गंध आने के बाद जब लोग उस तरफ गए तो वहां पर शव देखकर उनके होश उड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई।

पुलिस ने प्राथमिक जांच में मृतक के पास ही गिलास और सल्फास नामक जहर की पुड़िया पाई गई है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे उसने जहर का सेवन करके आत्महत्या की हो। बातचीत में यह बात भी सामने आई कि वह 21 अप्रैल को घर से परिवार वालों से मिलकर कुछ अजीब तरह की बातें करते हुए अपना ख्याल रखने की बात कह कर चला गया था जिसके बाद उसकी लाश खेत में पाई गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि मृतक हलवाई का काम करके जीवन यापन करने वाला अनिल दुबे कुछ समय से मानसिक तौर पर परेशान चल रहा था। पुलिस के द्वारा शव को जप्त करते हुए मृत्यु के कर्म का पता लगाने के प्रयास किया जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### मेघालय पुलिस के साथ निकाला फ्लैग मार्च



**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के नेतृत्व थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में बरही पुलिस व्दारा आदर्श आचार संहिता के दौरान मेघालय की इको मेघालय पुलिस के साथ मिलकर फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधीक्षक व्दारा लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाए इसी तारतम्य में मेघालय पुलिस एवं बरही पुलिस स्टाफ ने बरही के सराफा बाजार, मैन मार्केट, स्टेशन रोड एवम अन्य प्रमुख स्थानों मैं फ्लैग मार्च निकाला गया। अधिकारियों ने आम जनता से लोकसभा चुनाव के दौरान शान्ति व्यव्यथा बनाए रखने हेतु पुलिस तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करने एवम भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की। इस दौरान थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव, उप निरी. विनोद कांत सिंह, आर. सुनील, आर जगत सिंह, आर विवेक श्रीवास्तव, आर अवधेश प्रताप सिंह, प्र आर सतीश सिंह, वाहन चालक संजय पांडे की मुख्य भूमिका रही।

### मतदान दलों का तृतीय रेंडमाइजेशन आज

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन के तहत खजुराहो संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिले के विधानसभा क्षेत्र विजयराघवगढ़ मुड़वारा एवं बहोरीबंद के लिए 26 अप्रैल को होने वाले मतदान हेतु मतदान दलों का तृतीय रेंडमाईजेशन आज 24 अप्रैल को दोपहर 12 बजे पन्ना जिले मे होगा। इस कार्य हेतु एस.डीएम विजयराघवगढ़ एवं सहायक रिर्टर्निंग आफिसर महेश मंडलोई और जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव को अधिकृत किया गया है।

### मतदान दिवस और मतगणना के लिए शुष्क दिवस किया घोषित

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद ने जिले के लोकसभा क्षेत्र खजुराहो के लिए मतदान दिवस 26 अप्रैल और मतगणना दिवस 4 जून के लिए जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों विजयराघवगढ़, मुडवारा एवं बहोरीबंद के अंतर्गत संचालित मदिरा विक्रय केन्द्रों हेतु मतदान के 48 घंटे पूर्व एवं मतगणना दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर द्वारा 26 अप्रैल को मुड़वारा, विजयराघवगढ़ एवं बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र की सीमा से तीन किलोमीटर दूरी तक आने वाली समस्त मदिरा विक्रय केन्द्रों हेतु 24 अप्रैल को शाम 6 बजे से 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने मतगणना दिवस 4 जून को जिले के अंतर्गत संचालित समस्त मदिरा विक्रय केन्द्रों हेतु 3 जून की रात्रि 11:30 बजे से 5 जून को प्रातः 8:30 बजे तक शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस में संपूर्ण जिले की परिसीमा मे स्थित एवं संचालित समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानें, होटल बार, एफएएल 3, क्लब बार एफएएल 4, रेस्तरा बार एफएएल 2, वाईन फ्रेंचायजी शाप एवं अन्य अनुज्ञप्त मदिरा केन्द्र बंद रहेंगे। साथ ही जिले मे मदिरा का क्रय-विक्रय, विनिर्माण, परिवहन एवं संग्रहण भी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### पांचवी व आंठवी के परिणाम घोषित

**कटनी।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा मंगलवार को कक्षा 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्र छात्राएं अपना अपना परीक्षाफल जानने ललायित नजर आए। पास हुए छात्र छात्राओं के चेहरे पर खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ग्रामीण और शहरी स्कूलों की तुलना करें तो पांचवीं और आठवीं में ग्रामीण स्कूलों का प्रदर्शन शहरी स्कूलों से बेहतर रहा। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही ऑन लाइन सेंटर व मोबाइल में रिजल्ट देखकर खुश नजर आए।

*बरही के डीघी गांव से उमरिया के ग्राम सलैया गई थी बारात*

# बारात देर से पहुंचने पर चली जमकर लाठियां हमले में घायल हुए दूल्हे के बड़े पिता की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बारात देर से पहुंचने को लेकर हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि वहां जमकर लाठियां चलने लगी, दूल्हे के बड़े पिता को चोट आई, जिन्हें बचाने के लिए वाहन में बैठाकर हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी गई।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरही के डीघी गांव से सोमवार की रात सोनेलाल पटेल के पुत्र मुकुल पटेल का विवाह कराने बारात उमरिया के ग्राम सलैया गई हुई थी। जहां बारात देरी से पहुंचने पर कहा-सुनी इतनी बढ़ी की मारपीट की नोबत आ गई। बीच-



बचाव में पहुंचे दूल्हे के बड़े पिता सेवानिवृत शिक्षक 64 वर्षीय सभापति पिता रामविशाल पटेल निवासी डीघी के ऊपर भी आक्रोशित लोगों ने हमला कर दिया, जिन्हें घायल अवस्था में उनके पुत्र अपने चार पहिया वाहन में बैठाकर चलने लगे तो आक्रोशित लोगों ने वाहन में भी हमला कर दिया। बरही अस्पताल पहुंचने पर सभापति को मृत घोषित कर दिया गया।

इस पूरे घटनाक्रम की पड़ताल के लिए उमरिया जिले की पुलिस भी बरही अस्पताल पहुंची। अमरपुर चौकी पुलिस के साथ ही एसडीओपी नागेंद्र प्रताप सिंह भी पहुँचे हुए थे, जो पूरे घटनाक्रम की गम्भीरता से जांच करने के निर्देश विवेचक को दिए है। वही बरही थाना पुलिस भी पंचनामा कार्यवाई उपरान्त पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया। शादी की खुशियां दोनों परिवार परिवार के लिए मातम में तब्दील हो गया। डीघी में मातम पसरा है तो सलैया गांव में सन्नता पसरा हुआ है। मामले की जांच में जुट गई है।

रात के करीब 2 बजे सभापति की मौत होने की खबर मिलते ही पूरी बारात बिन ब्याहे ही लौट आई। बताया जाता है कि जब बारात रात करीब साढ़े 12 बजे द्वार पर पहुंची और जयमाला हो रहा था, तभी विवाद हुआ था।

# वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस को मिले 6 लाख 50 हजार, चुनाव पर सघन जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधवनगर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान नगदी 6,50,000/-रूपये किया जप्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में माधवनगर पुलिस द्वारा संघनता पूर्वक लोकसभा चुनाव के मददेनजर वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी, दौरान दो व्यक्तियों से कुल 6,50,000 रूपए लेकर जाते हुये पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि माधवनगर गेट के पास एक व्यक्ति कैलाष नारंग पिता नेमनदास नारंग निवासी खैबर लाईन के पास से बैग में रखे 3,00000/-रूपये मिले जिस पर कैलाष नारंग द्वारा पेट्रोल पम्प के बिक्री के वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने



पर कैलाष नारंग को सुपुर्द किये गये। इसी प्रकार राकेश कुमार दहायत पिता मुरारीलाल दहायत निवासी अमेहटा से एक बैग में रखे 3,50,000/-रूपये मिले जिसे राकेश दहायत द्वारा लायसेंसी शराब दुकान से शराब बिक्री के रूपये बैंक जमा करने जा रहा था जो वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने पर सुपुर्द किये गये। इस दौरान निरीक्षक अनूप सिंह, एएसआई राम नरेश मिश्रा, अविनाश मिश्रा, नीलेश, नीलेंद्र, अजीत, सोभनाथ, आरक्षक चंद्रेश सिंह की उपस्थिति रही।

# पकड़ने गए थे चाकूबाज को वह निकला चोरी व अन्य मामले का आरोपी, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के आदेशानुसार नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए शांति पूर्ण वातावरण बनाने एवं अवैध शस्त्रो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। बताया जाता है कि पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ट्रांसपोर्ट नगर में एक व्यक्ति धारदार लोहे का चाकू लिये घूम रहा है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने




आरोपी शिव कुमार चौधरी पिता गन्नू चौधरी उम्र 26 वर्ष निवासी शंकरगढ़ पहरुआ थाना कुठला को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी से सख्ती से पूछताछ करने पर उसके आरोपी द्वारा 19 अप्रैल 2024 को पहरुआ में प्रमोद नामदेव के यहाँ से चोरी करना भी स्वीकार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से मामले का मसरुका सोने चाँदी के गहने आदि जप्त करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने बताया कि पूर्व से उक्त व्यक्ति के विरुद्ध थाना में चार स्थाई वारंट माननीय न्यायालय द्वारा जारी किये गए थे। जिसकी तलाश काफी समय से कुठला पुलिस द्वारा की जा रही थी। उक्त आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया। माननीय न्यायालय के आदेश से जिला जेल दाखिल किया गया।

कार्रवाई में निरीक्षक अभिषेक चौबे उप निरीक्षक विनोद सिंह, श्यामनारायण सिंह, प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह, अजय यादव, सतेन्द्र यादव, आरक्षक बालकृष्ण तिवारी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

*लोकसभा चुनाव में चलते पुलिस कर रही सघन जांच*

# कार में चल रही थी दारू पार्टी, पुलिस ने कार जप्त कर बनाया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य माधव नगर थाना क्षेत्र में दलबल के साथ थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ फ्लैग मार्च कर रहे थे इसी दौरान एक अल्टो कार नम्बर एमपी 18 सीए 2508 जिसमें काली फिल्म लगी हुई खड़ी थी। शंका होने पर कार को चैक किया गया तो कार में दारू पार्टी चल रही थी। कार चालक का नाम पता पूछने पर उसने रजनीष यादव पिता स्व. चन्द्रभान यादव निवासी देवगांव थाना रीठी का होना बताया जिसके साथ में इमलिया निवासी अजय यादव एवं मनोज यादव गाड़ी में



सवार थे।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी को शराब के नशे की पुष्टि के लिए शासकीय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरी मुलाहिजा कराया गया तो डॉक्टर द्वारा शराब के नशे में होना बताया।

पुलिस ने आरोपी कार चालक के विरुद्ध धारा 185, 100(2)/177, 130/177(3) के तहत कार्रवाई करते हुए ऑल्टो कार को जप्त कर काली फिल्म निकलवाई गई। आरोपी के विरूद्ध धारा 185,100(2)/177, 130/177(3) मोटर व्हीकल एक्ट का पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। कार्यवाही में निरीक्षक अनूप सिंह थाना प्रभारी माधवनगर, उप निरीक्षक राकेष पटैल, आरक्षक गौरव गिरी, आरक्षक रणविजय यादव की विषेष भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अथीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारी को पुलिस बल के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखते हुए चुनाव सम्पन्न कराने के उद्देश्य थाना क्षेत्र में दलबल के साथ फ्लैग मार्च के निर्देश दिए गए हैं।

## राजनैतिक दलों द्वारा प्रचार प्रसार की कमी, लोगों को प्रत्याशियों तक की जानकारी नहीं

# कैसे हो पाएगा शत प्रतिशत मतदान, ग्रामीणों को नहीं पता कौन हैं उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारत के महापर्व व सबसे बड़े लोकतंत्र का चुनाव हेतु महज एक दिन ही शेष रह गया है, 26 अप्रैल को खजुराहो संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है लेकिन अभी की कई ग्रामीण अंचल हैं जहां लोगों को मतदान करने की तिथि तक की जानकारी नहीं है। लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के कराने लिए प्रशासन हरसंभव प्रयास करने मे जुटा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उनकी पूरी टीम मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने में जुटी है, अपनी ओर से टीम द्वारा कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही बावजूद इसके राजनैतिक दलों द्वारा प्रचार प्रसार न होने के कारण मतदाता जागरूकता



की अलख सुदूरवर्ती ग्रामीण अंचलों तक नहीं पहुंच पाई है। राजनैतिक दलों द्वारा शहर के ही कुछ हिस्सों में प्रचार प्रसार हेतु फोटो खिंचवाकर सोशल मीडिया में ही प्रचार किया गया है। यहां तक की कई वार्डो में भी राजनैतिक पार्टीयों द्वारा घर घर दस्तक तक नहीं दी गई है। प्रशासन से जुड़े कुछ अधिकारी भी आपस में चर्चा करते नजर आ रहे हैं कि अभी भी ग्रामीण अंचलों के निवासियों को यह तो पता है कि चुनाव होना है पर उन्हें कब मतदान करने जाना है और कौन सा चुनाव हो रहा है, इस जानकारियों से कई लोग अनभिज्ञ नजर आए। कुछ को तो यह भी नहीं पता कि प्रत्याशी कौन है और उन्हें मतदान कब करना है। यहां तक कि कौन प्रत्याशी किस-किस दल से उम्मीदवार हैं यहां तक उन्हें पता नहीं है। ग्रामीण मतदाताओं को उम्मीदवार की जानकारी न होना राजनीतिक दलों की कमियों को उजागर कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव मे मतदान को लेकर बहुत ही कम उत्साह लोगो में देखने को मिला है। अनेक लोगों का कहना है कि ऐसा चुनाव पहली बार देखने को मिल रहा है जिसमें राजनैतिक पार्टीयों द्वारा कहीं कोई प्रचार प्रसार देखने को नहीं मिल रहा है। रीठी ग्राम पंचायत की आदिवासी बस्ती में निवास करने वाले कमला आदिवासी, छोटीबाई आदिवासी, आदि से जब बात की गई तो उनका कहना था लोग बातचीत तो कर रहे हैं कि चुनाव होना है लेकिन कब होना है और किस पार्टी से कौन प्रत्याशी है इन प्रश्नो का वह जवाब न देते हुए मुस्कुराते नजर आए ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर किस प्रकार शत प्रतिशत मतदान संभव हो सकेगा। विवाह मुहूर्त होने के कारण मतदान वाले दिन 26 अप्रेल को भी जिले भर में हजारों परिवारों में विवाह होना है। लोगों का मानना है कि विवाह समारोह के बीच व्यस्तता के चलते कई परिवार मतदान से कहीं वंचित न हो जाएं, ग्रामीण क्षेत्रों में वैवाहिक आयोजन के लिए भारी व्यस्तता के चलते लोग आयोजन की तैयारियों में लगे रहेगें ऐसे में कतार में लगकर मतदान करने की भी उनके सामने चुनौती होगी। ऐसे परिवार के लोगों को जिनके यहां वैवाहिक आयोजन होने हैं क्या उन्हें जल्दी मतदान कराने के लिए मतदान केन्द्र पर बिना कतार के मतदान की व्यवस्था की जाएगी। जिससे कम समय में वे मतदान कर विवाह की तैयारियां भी कर सकें।




## खबर संक्षेप

### मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण 25 को प्रातः 6 बजे से

**कटनी।** खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को देखते हुए कृषि उपज मंडी परिसर से 25 अप्रैल की सुबह 6 बजे से मतदान दलों को ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीन सहित मतदान सामग्री का वितरण किया जायेगा। इसके लिए करीब 900 शासकीय कर्मियों की तैनाती की गई है। हर विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान सामग्री वितरण हेतु 23-23 काउंटर बनाए गए है। प्रत्येक काउंटर की व्यवस्था हेतु 10 कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस प्रकार 69 काउंटर में कुल 690 सामग्री वितरण कर्मी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा माईक्रो आब्जर्वर एवं सेक्टर अधिकारी के अलावा अतिरिक्त काउंटर भी बनाया गया है। सामग्री वितरण स्थल मे हर विधानसभा के लिए 4-4 हेल्प डेस्क के अलावा यहां पहुचने वाले मतदान दलों के लिए शुद्ध पेयजल और स्वास्थ्य की दृष्टि से आपात व्यवस्था के नजरिये से चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती भी की गई है। मतदान सामग्री वितरण से संबंधित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी को 25 अप्रैल को प्रातः 5:30 कृषि उपज मंडी परिसर कटनी में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में उपार्जन समिति की बैठक हुई संपन्न

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि किसी भी समिति द्वारा ऐसे गोदाम में केन्द्र न खोला जाए जो गोदाम स्तरीय केन्द्र नहीं है। कलेक्टर द्वारा हिदायत देते हुए कहा गया कि ऐसे उपार्जन केन्द्रों द्वारा गोदाम परिसर में खरीदी करते हुये पाये जाने पर उपार्जन केन्द्र एवं समितियों पर अनुशासनात्क कार्यवाही करने की हिदायत दी गई। इस कार्य की मॉनिटरिंग करने का दायितव कलेक्टर ने सभी एस.डी.एम को भी सौपते हुए सहकारिता, खाद्य अमले को भी इस पर नजर रखने के निर्देश दिए। सहायक आयुक्त सहकारिता को सहकारिता विभाग में स्थापित कन्ट्रोल रूम के माध्यम से सभी नोडल अधिकारी एवं कर्मचारियों को फोन करके सार्थक एप्लीकेशन में उपस्थिति एवं गतिविधि दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही जिला विपणन अधिकारी एवं एमपीडब्ल्यूएलसी को स्वीकृति पत्रक एवं डब्ल्यू एचओ का प्रतिशत बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते, जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, सहायक आयुक्त सहकारिता, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश वेयर हाउस कार्पोरेशन, उप संचालक कृषि कटनी एवं नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक उपस्थिति रहे।

### मतदान सामग्री वितरण एवं जमा हेतु कर्मचारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**कटनी।** लोकसभा के द्वितीय चरण में संसदीय क्षेत्र खजुराहों अंतर्गत आने वाली जिले की तीन विधानसभा विजयराघवगढ़, मुड़वारा एवं बहोरीबंद मे 26 अप्रैल को मतदान होंगे। इसके लिए मतदान दलों को 25 अप्रैल को कृषि उपज मंडी पहरूआ कटनी से मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। मतदान सामग्री वितरण एवं जमा कार्य को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण करने एवं मतदान उपरान्त सामग्री जमा करने हेतु मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के नवीन सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### कृषि उपज मंडी पहुंच एसपी ने लिया जाएजा

**कटनी।** मतदान सामग्री एवं पुलिस ड्यूटी वितरण स्थल का पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के द्वारा निरीक्षण करते हुए तैयारियों का जायजा लिया गया। सुरक्षा के संबंध में जानकारी लेते हुए पूरे एरिया को सुरक्षित करने के लिए ठोस बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यक जगहों पर सुरक्षा के निर्देश जारी किए।

## मंदिरों में जगह जगह किया गया अखंड रामायण, हनुमान चालीसा व विशाल भंडारे का आयोजन

# श्रद्धा भक्ति के साथ मना हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मंगलवार को बेहद खास नक्षत्र व मुहुर्त में शहर के साथ साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही श्रृद्धा भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालु हनुमान जी की वंदना व पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंचे। हनुमान जन्मोत्सव न सिर्फ जिला मुख्यालय में मनाया गया बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी भक्तजनों द्वारा विविध आयोजन किए गए।



स्टेशन रोड स्थित श्रीश्री 1008 श्री दक्षिणमुखी बड़े हनुमान जी मंदिर के तत्वाधान में भव्य व विशाल शोभा यात्रा निकाली गई, यह शोभा यात्रा दक्षिणमुखी बड़े हनुमान मन्दिर से प्रारंभ होकर झंडा बाजार, सिल्वर टाकीज रोड, रूई बाजार से होते हुए शहर के मुख्य मार्गो व चौराहों से निकाली गई जहां शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। भव्य शोभायात्रा में शहर के श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में बैंडबाजों की मधुर धुन पर श्रद्धालु नृत्य कर रहे थे, जालपा माता मंदिर की भजन मंडली द्वारा भजनों की आकर्षक प्रस्तुति दी गयी। नन्हें मुन्ने बच्चे हनुमान जी की कौतुक वेशभूषा में गदा लेकर रथ में सवार होकर लोगों को आशीर्वाद दे रहे थे। संजय नगर के खेरमाई स्थित हनुमान मंदिर में भजन कीर्तन के साथ हनुमान चालीसा व हवन आदि के आयोजन किए गए, तत्पश्चात विशाल भंडारे के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। वहीं सन्यासी धाम में सुबह से भी हनुमान भक्तों द्वारा का तांता लगा रहा, पंडित आलोक पड़रहा द्वारा हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई। जहां क्षेत्र के लोग बड़ी तादात में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कटाए घाट स्थित हनुमान मंदिर में भी धार्मिक अनुष्ठान कर हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया।

उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह में सुंदरकांड पाठ व हनुमान चलीसा पाठ का संगीतमय आयोजन किया गया। इसके बाद संकट मोचन सरकार की विधिवत आरती व हवन पूजन किया गया।



ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरहटा में विराजमान 11 मुखी हनुमान मंदिर में धूमधाम के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। यहां पर वर्षो से प्रति मंगलवार व शनिवार को रामायण मंडली द्वारा रामचरित मानस पाठ व भजन कीर्तन किया जाता आ रहा है। मंगलवार को यहां आसपास के क्षेत्रों के अलावा दूर दूर से भक्तगण हनुमान जन्मोत्सव के भव्य आयोजन में शामिल हुए। रामचरित मानस के पश्चात भजन कीर्तन हवन का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही, हवन के बाद कन्या भोज व विशाल भंडारे के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया।

सिलौंडी में श्री बालाजी मंदिर में हनुमानजी के पूजन अर्चन के भंडारे का आयोजन किया गया है। यहां सुंदर कांड उपरांत महाआरती का आयोजन किया गया। बड़े हनुमान मंदिर एवं छोटे हनुमान मंदिर में प्रसाद वितरण किया गया। इसी तरह मुख्य बाजार में हनुमान कुटी बरगद के नीचे नवीन मंदिर में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा की गई।



हनुमान कुटी धर्मपुरा में भी सुंदर प्रसाद वितरण किया गया। पंचमुखी दरबार में रामभक्त हनुमान जी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

हनुमान जयंती में बड़वारा में हनुमान मंदिरों में रामायण पाठ, हनुमान चालीसा पाठ आयोजित किये गए। हनुमान मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई। बड़वारा के सुप्रसिद्ध हनुमान ताल में स्थापित महाबली संकट मोचन हनुमान जी के मन्दिर में रामायण पाठ का आयोजन किया गया एवम हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने भाग लिया। भगवान राम भक्त हनुमान जी को महा भोग अर्पित किया गया। हनुमान ताल मंदिर में भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया बस स्टैंड में स्थित हनुमान की मन्दिर में शृद्धालु जनों ने पूजन अर्चन किया व भगवान हनुमान जी को मीठे का भोग चढ़ाया। संकट मोचन हनुमान की बड़वारा में विशाल रैली निकाली गई। रैली में सैकड़ों की संख्या में हनुमान भक्त मौजूद रहे।

**स्वास्थ्य व्यवस्था पर सरकार के दावों की खुल रही पोल**

## एंबुलेंस नहीं मिली तो बीमार वृद्ध पति को स्वयं हाथ ठेला में लादकर पहुंची अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सरकार द्वारा भले ही स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक होने के लाख दावे किए जा रहे हों लेकिन जिला अस्पताल की यह तस्वीर पोल खोलने के लिए काफी है। यहां इलाज तो छोड़ दीजिए मरीजों को एंबुलेंस तक की सुविधा नहीं मिल पा रही है। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिला अस्पताल में ऐसे हालात हैं तो ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य व्यवस्थाएं कैसी होंगी। जिला अस्तपाल में दिन के समय ही एम्बुलेंस न मिल पाए तो ऐसे में रात के समय अचानक स्वास्थ्य खराब होने पर एम्बुलेंस के बारे में कैसे सोचा जा सकता है।



मामला मंगलवार का है जहां मरीज को ठेले पर लेकर परिजन जिला अस्पताल तो उपचार के लिए पहुंचे। बताया जाता है कि खिरहनी फाटक में वृद्ध व्यक्ति श्यामलाल का स्वास्थ्य अचानक काफी खराब हो गया, वह खड़े होने की स्थिति में भी नहीं था, उसके उपचार हेतु एम्बुलेंस की आवश्यता थी। परिजनों ने बताया कि काफी प्रयास किया गया लेकिन उन्हें एम्बुलेंस मुहैया नही हो सकी एंबुलेंस न मिलने के चलते उनकी पत्नी ने मरीज को हाथ रिक्शा में लादकर जिला अस्पताल तक किसी प्रकार पहुंची। अस्पताल पहुंचने के बाद भी जिला अस्पताल के अंदर स्ट्रेचर नहीं मिलने से ओपीडी तक हाथ रिक्शा से लेकर जाया गया।

चर्चा करते हुए वृद्ध श्यामलाल की पत्नी ने बताया कि उनके पति की अचानक काफी ज्यादा तबियत बिगड़ गई। उनके तत्काल उपचार के लिए एम्बुलेंस के लिए काफी प्रयास किया गया, समय काफी हो रहा था लेकिन जब एम्बुलेंस नहीं मिल सकी तब वृद्धापति को लेकर हाथ रिक्शा में ही अस्पताल आ पहुंची।

जिला अस्पताल में अक्सर लापरवाही के मामले सामने आते रहे हैं, लेकिन हाथ ठेला पर मरीज को ओपीडी तक पहुंचाने का नजारा जिस किसी ने भी देखा वह सरकार द्वारा किए जा रहे दावों की पोल खोलने के लिए काफी है।

## आज शाम 6 बजे से बंद हो जाएगा चुनाव प्रचार, डोर टू डोर जाकर कर सकते हैं मतदाताओं से संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

- सोशल मीडिया पर भी चुनाव प्रचार रहेगा प्रतिबंधित, कलेक्टर ने धारा 144 के तहत जारी किए प्रतिबंध

लोकसभा निर्वाचन 2024, संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 8 खजुराहो की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विजयराघवगढ़, मुडवारा एवं बहोरीबंद के लिये शुक्रवार 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के मद्देनजर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अन्तर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

कलेक्टर प्रसाद द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के मुताबिक मतदान हेतु प्रचार अभियान समाप्त होने के पश्चात आज बुधवार 24 अप्रैल को शाम 6 बजे के पश्चात आखिरी 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक सभाओं और सार्वजनिक बैठकें जो मतदान और निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित है को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार निर्वाचन क्षेत्र में 5 से अधिक लोगों के इकट्ठा होने और एक साथ आवाजाही करने की अनुमति नहीं होगी। प्रचार अभियान अवधि के समापन पश्चात निर्वाचन क्षेत्र में कोई भी प्रचार अभियान नहीं किया जावेगा। राजनीतिक कार्यकर्ताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं, जुलूस-कार्यकर्ताओं, अभियान-कार्यकर्ता आदि, जो निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से लाए गये हैं और जो उस निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, उन्हें उस निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित रहने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे कार्यकर्ता को जो उस क्षेत्र का मतदाता नहीं है प्रचार अभियान अवधि समाप्त होने के पश्चात तुरंत निर्वाचन क्षेत्र छोडना होगा।इस दौरान सोशल मीडिया पर भी चुनाव प्रचार प्रतिबंधित रहेगा। प्रचार संबंधी प्रतिबंध डोर-टू-डोर जाकर मतदाताओं से संपर्क करने पर लागू नहीं होगा। मतदान हेतु प्रचार अभियान समाप्त होने के पश्चात आखिरी 48 घंटों की अवधि के दौरान आज की शाम 6 बजे सार्वजनिक सभाओं और सार्वजनिक बैठकें जो मतदान निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित हैं को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## 7 लाख 35 हजार मतदाता करेगें खजुराहो संसदीय क्षेत्र के 14 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिले के तीन विधानसभा मुड़वारा, बहोरीबंद और विजयराघवगढ़ के 7लाख 35 हजार 307 मतदाता 864 मतदान केन्द्रों में शुक्रवार 26 अप्रैल को मतदान कर 14 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 3 हजार 810 मतदान कर्मी, 135 माइक्रो आब्जर्वर की सेवाएं ली जायेंगी। जबकि पुलिस एवं सुरक्षा बलों की संख्या अलग है।

खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के चुनाव मैदान में 14 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इनमें बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी कमलेश कुमार को हाथी, भारतीय जनता पार्टी के विष्णुदत्त शर्मा को कमल, राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी के मोहम्मद इमरान को फूलगोभी, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के कपिल गुप्ता भारतीय को केटली, राष्ट्रीय जनसंचार दल की केशकली को बैटरी टार्च, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के गिरन सिंह को बॉसुरी, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया के नंदकिशोर को फलों से युक्त टोकरी, इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के पन्ना लाल त्रिपाठी एड. को गुब्बारा, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पंकज मौर्य को आरी, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के आर.बी. प्रजापति पूर्व आईएएस को शेर प्रतीक चिन्ह आवंटित किया गया है। इसी तरह निर्दलीय अभ्यर्थियों में फिरोज खान को बल्लेबाज, बिटइया अहिरवार को अलमारी, लक्ष्मी प्रसाद को चक्की और पेंटर सुनमान सिंह लोधी को कड़ाही चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया।

मतदाताओं की संख्या

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र खजुराहो अंतर्गत आनें वाले जिले के तीन विधानसभा विजयराघवगढ़, मुड़वारा एवं बहोरीबंद के कुल मतदाताओं की संख्या 7 लाख 35 हजार 307 है। जिसमें पुरूष मतदाता 3 लाख 76 हजार 670 तथा महिला मतदाता 3 लाख 58 हजार 611 और अन्य मतदाता 26 है। जिले का जेंडर रेशो 954.7 तथा ई.पी.रेशो 63.23 है। विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 39 हजार 263 है। मुड़वारा में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 49 हजार 689 है।बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 46 हजार 355 है।

## टोपी में 15 व डुंडी हार में 10 दिन से खराब है ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढ़ीमरखेड़ा

गर्मी के सीजन में इन दिनों उरियापान क्षेत्र में बिजली समस्या को लेकर ग्रामीण और किसान परेशान है। गांवों में बिजली न होने से ग्रामीण अंधेरे में रहने के लिए मजबूर हैं। वहीं किसानों को फसलों की सिंचाई की दरकार है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली ट्रांसफार्मर खराब होकर या जलकर बंद हो गए हैं। ग्रामीणों द्वारा शिकायत करने के बाद भी ट्रांसफार्मरों का सुधार नहीं कराया गया। इन्हें बदलवाने के लिए किसान और ग्रामीण दोंनो परेशान हैं। उमरियापान के टोपी और पिपरिया सहलावन में ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं। जिससे ग्रामीणों के अलावा किसानों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। उमरियापान के समीप घुघरा ग्राम पंचायत के आश्रित गांव टोपी में 15 दिनों से बिजली नहीं है। बिजली न होने से



ग्रामीण रात अंधेरे में रहकर गुजार रहे हैं वहीं किसान अपनी फसलों में पानी नहीं दे पाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली न होने से गर्मी के दिनों में ज्यादा परेशानी होती है। घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। बिजली उपकरण बंद है। पानी की किल्लत मची हुई है। हैंडपंप बंद होने से ग्रामीणों को पानी के लिए अधिक परेशान होना पड़ता है। रात के समय में अंधेरा होने के कारण जीव जंतुओं के काटने का खतरा बना हुआ है। अंधेरे में मच्छर भी डंक मार रहे हैं। जिससे कि लोंगो की नींद भी हराम है। ग्रामीणों ने बताया कि शादी का सीजन चल रहा है। रिश्तेदार गांव आते हैं। बिजली समस्या से परेशान होकर रिश्तेदार भी गांव में नहीं रुकते हैं। वहीं किसानों ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने से किसानों को दोहरी मार पड़ती है।

उड़द,मूंग की फसलों में पानी नहीं मिल पा रहा है। जिससे खेतों में बोई गई फसलें धूप में सूखने लगी है। जिससे किसानों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों के अलावा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई लेकिन जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों के सुधार कार्य नहीं कराया है।

पिपरिया सहलावन के डूंडी हार क्षेत्र के किसान बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने से परेशान हैं। बिजली की आपूर्ति नहीं होने के कारण किसान खेतों में ट्यूबवेल होने के बावजूद पानी की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। पानी की कमी के कारण खेतों में लगी फसल नष्ट होने के कगार पर है। किसान फसलों को पानी नहीं दे पा रहे हैं। किसान विद्युत विभाग को कई बार इसकी जानकारी दे चुके हैं। नए ट्रांसफार्मर की मांग भी कर चुके हैं। इसके बावजूद विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण पिपरिया और डूंडी क्षेत्र के किसान अपने खेतों में शुरुआत से अब तक पानी की सिंचाई नहीं कर पाए हैं। खेत में ट्यूबवेल होने के बावजूद भी किसान भगवान भरोसे बैठे हैं।

### दो को किया बाउंड ओवर व दो पर हुई जिलाबदर की कार्रवाही

# आदतन अपराधियों पर कलेक्टर का चल रहा लगातार चाबुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, भय-रहित वातावरण में लोकसभा निर्वाचन एवं लोक परिशांति व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही निरंतर जारी है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद ने जिले के चार आदतन अपराधियों के विरुद्ध राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दो अपराधियों पर बाउंड ओवर की कार्यवाही की है तो वहीं दो आदतन अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही करते हुए संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया हैं। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की है।

**बब्जी एवं धरमू को किया बाउंड ओवर**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जारी आदेश के तहत थाना बहोरीबंद अंतर्गत ग्राम सिमरापाटी निवासी बब्जी उर्फ प्रकाश यादव पिता बाबूलाल यादव उम्र 35 वर्ष को वर्ष 2009 से आपराधिक गतिविधियों में संलग्न होनें तथा मारपीट, अवैध शराब एवं आर्म्स एक्ट के अपराध पंजीबद्ध एवं न्यायालय में विचाराधीन होने के विरुद्ध बाउण्ड ओवर की कार्यवाही करते हुए 6 माह तक प्रतिमाह एक दिवस थाना बहोरीबंद में हाजिरी देने का आदेश पारित किया है। इसी तरह एक अन्य प्रकरण में थाना बाकल ग्राम बाकल निवासी धरमू उर्फ धर्मेन्द सोनकर पिता छोटेलाल सोनकर उम्र 28 वर्ष के विरूद्ध थाना बहोरीबंद में दो अपराध आबकारी एक्ट एवं जुंआ एक्ट के पंजीबद्ध एवं विचाराघीन होनें के कारण बाउंड ओवर की कार्यवाही करते हुए 3 माह तक प्रतिमाह माह एक दिवस थाना बाकल में हाजिरी देने निर्देशित किया।

**सत्तु एवं पुष्पराज को किया जिलाबदर**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद द्वारा दो अपराधियों के विरूद्ध जिलाबदर की कार्यवाही की है उनमें थाना उमरियापान के ग्राम टोला निवासी सत्तु उर्फ सत्यकुमार पिता जगदीश प्रसाद काछी उम्र 32 साल तथा थाना बरही ग्राम गैरतलाई निवासी 47 वर्षीय पुष्पराज सिंह पिता रामस्वरूप सिंह शामिल है।



सत्तु वर्ष 2012 से लगातार आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त है। इसके विरुद्ध आम नागरिकों को बका जराही लेकर धमकाना, गुंडागर्दी करना, मारपीट कर आमजन के बीच दहशत फैलाना, चोरी करना, अवैध शराब बेचना तथा कानून व्यवस्था भंग करने जैसे अपराध पंजीबद्ध है। सत्तु के विरुद्ध समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये जाने के बाद भी उसकी आपराधिक गतिविधियों में कोई सुधार न होने के कारण कलेक्टर द्वारा सत्तु को 24 घंटे के भीतर जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से 03 माह की अवधि के लिए बाहर चले जाने का आदेश पारित किया है। जबकि पुष्पराज पर वर्ष 2003 से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहकर गाली गुप्तार करने , मारपीट कर चोट पहुंचाने, जान से मारने की धमकी देने, साथियो के साथ मिलकर आम लोगों के साथ मारपीट कर वर्चस्व स्थापित करने, महिलाओं से छेड़खानी करने तथा गवाहों को धमकाने जैसे प्रकरण पंजीबद्ध एवं न्यायालय मे विचाराधीन है। पुष्पराज के विरूद्ध अनेकों बार प्रतिबंधात्क कार्यवाही किये जाने के बाद भी इसकी आपराधिक गतिविधयों मे अंकुश न लगने के कारण कलेक्टर द्वारा पुष्पराज पर जिला बदर की कार्यवाही करते हुए जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से 06 माह की अवधि के लिए बाहर चले जाने का आदेश पारित किया है।

इस अवधि में सत्तु एवं पुष्पराज को न्यायालय की अनुमति के बिना जिले में प्रवेश करनें की अनुमति नहीं होगी। सत्तु एवं पुष्पराज को दाण्डिक न्यायालयीन प्रकरणों की नियत पेशी में उपस्थित हो सकेगें किन्तु इसकी पूर्व लिखित सूचना पुलिस थाना में देनी होगी।

## जिले में अब तक 8 हजार 568 मेट्रिक टन गेंहू उपार्जित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

समर्थन मूल्य पर इस साल अब तक 1330 किसानों से 8 हजार 568 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को कृषि मंडी और खुले बाजार मे अच्छी कीमत मिलने की वजह से किसान खरीदी केन्द्रों में कम पहुंच रहे है। जिले में इस वर्ष 85 खरीदी केंद्रों के माध्यम से उपार्जन कार्य किया गया। किसानों को गेहूं का 2400 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य दिया जा रहा है।समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के मामले में ढीमरखेड़ा तहसील जिले में अव्वल है। यहां के 809 किसानों से 4 हजार 985 मेट्रिक टन गेहूं उपार्जन किया जा चुका है। जबकि बहोरीबंद तहसील में 418 किसानों से 2 हजार 720 मेट्रिक टन और कटनी तहसील में 22 किसानों से 244 मेट्रिक टन गेहूं, और बरही तहसील में 1 किसान से 3 मीट्रिक टन तथा रीठी तहसील में 67 किसानों से 394 मेट्रिक टन गेहूं और स्लीमनाबाद तहसील में 13 किसानों से 222 मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित किया जा चुका है। समर्थन मूल्य पर गेंहॅू उपार्जन हेतु बनाये गये 85 खरीदी केन्द्रों में से अभी 28 केन्द्रों में ही उपार्जन कार्य शुरू हो सका है।

## खबर संक्षेप

### एक अपराधी पर जिला बदर की कार्यवाही

**दमोह।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 01 अपराधी पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक दिलीप चौरसिया पिता सीताराम चौरसिया निवासी वार्ड नं.-01 पथरिया थाना पथरिया को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं से आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि के लिये निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें।

### मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से बंद रहेंगी समस्त मदिरा दुकानें

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुरेश कुमार ने लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिले में निर्वाचन क्षेत्र की समस्त मदिरा दुकानें मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से बंद रखने संबंधी आदेश जारी किया है। लोक प्रतिनिधित्य अधिनियम 1951 की धारा 135(ग) में विहित प्रावधान अनुसार जिला दण्डाधिकारी द्वारा शुष्क दिवस घोषित कर 24 अप्रैल को शाम 6 बजे से 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक जिले की सभी मदिरा व भांग दुकानों और बार लायसेंस को बंद रखने का आदेश जारी किया है। इस दौरान मदिरा का क्रय-विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना दिवस 4 जून को भी संपूर्ण दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

### लीनेस क्लब ने मनाया पृथ्वी दिवस

**पन्ना।** लीनेस क्लब पन्ना लगातार 6 वर्षों से नगर में समाज कल्याण का कार्य करते आ रहा है, समाज के लिए कल्याण कार्य करते हुए लीनेस क्लब पन्ना द्वारा पृथ्वी दिवस (मंतजी कंल) पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम रॉयल किड्स स्कूल के बच्चों के बीच किया गया जिसमें अर्थ डे से संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई एवं बच्चों को अपने पृथ्वी को सुरक्षित रखने हेतु क्या क्या कार्य करना चाहिए इसके बारे में बताया गया एवं उन्हें पुरस्कृत भी किया गया जिसमें पहला स्थान कक्षा एक की आस्था, दूसरा स्थान कक्षा पाँच की पुष्पा सेन एवं तीसरा स्थान कक्षा आठ की सुभांगी ने प्राप्त किया, साथ ही प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया।इस दौरान क्लब की अध्यक्ष शिखा पांडेय, सचिव शालिनी जायसवाल, कोषाध्यक्ष शशि त्रिपाठी ,चेयरपर्सन निधि पटेरिया ,राखी पाटकर ,साधना पाटकर, अंजली सिंह, सुनीता गुप्ता,माला जैन व अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव

**पन्ना।** शहर के सिंचाई कॉलोनी स्थित मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंजनी पुत्र पवनसुत भगवान श्री राम भक्त हनुमान जी महाराज का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया प्रातः भगवान की पूजा अर्चना पूरे विधि विधान के साथ की गई। शाम 5 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें शहर की पुरानी राधा रानी रामायण मंडली की महिला सदस्यों व स्थानीय श्रद्धालु महिलाओं के द्वारा सुंदरकांड पाठ का सामूहिक वाचन किया गया। तत्पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। उल्लेखनीय की हर वर्ष हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में धार्मिक आयोजन किया जाता है जिसको आकर्षक रंग बिरंगी लाइटों से साज सज्जा की जाती है और भगवान को पोशाक, फूल मालाओं से सजाया जाता है। सिंचाई कॉलोनी स्थित मंदिर में महाशिवरात्रि, हनुमान जन्मोत्सव आदि विभिन्न त्योहारों में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

मंदिरों में पूजन अर्चन करने उमड़े भक्त, शोभायात्रा निकाली

# धूमधाम से मनाया बजरंग बली का जन्मोत्सव, भव्य शोभयात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बनवार रोड बम्होरी माला चंडी चोपरा डूमर बड़गुवा में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से ही सभी हनुमान मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ दर्शनों को पहुंची भगवान हनुमान की अलग – अलग विधि विधान और परंपराओं के अनुसार पूजा अर्चना की गई। हनुमान जी को सिंदूर चोला चढ़ाया गया श्रृंगार आरती पूजन का क्रम देर रात्रि तक चला बम्होरी में बालस्वरूप में विराजमान मंदिर भव्य स्तर पर हनुमान चालीसा पाठ भंडारे का आयोजन भी किया गया है। वही माला मानगढ़ में स्थित सिंह स्वरूप की अति प्राचीन प्रतिमा के समक्ष



सुंदरकांड हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। बनवार खेर माता मंदिर स्थित दक्षिण मुखी दिव्य हनुमान जी महाराज की प्रतिमा की दिव्य आरती श्रृंगार दर्शन का भव्य कार्यक्रम कुसमी मढ़ा मन्दिर में



रामायण कन्या भोज भजन संकीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

डूमर के पाताल भैरवी मंदिर में श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया। डूमर ग्राम में स्थित पाताल भैरवी हनुमान मंदिर में भगवान का जनोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ग्राम वासियों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें पाताल भैरवी हनुमान मंदिर के गर्भ ग्रह में श्री राम लक्ष्मण जान की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्राम वासियों की आम सहमति बनी जिसके अंतर्गत 14 में 2024 को श्री राम लक्ष्मण जानकी प्रतिमाओं की स्थापना कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। बता दे यहां पर दशकों पहले श्री राम दरबार बनाया गया था लेकिन राम दरबार में श्री राम जानकी लक्ष्मण भगवान की प्राण प्रतिष्ठा किसी कारणवश नहीं हो पाई थी जिसके चलते पाताल भैरवी हनुमान मंदिर में राम लक्ष्मण जानकी प्रतिमा की स्थापना को लेकर आज ग्राम वासियों ने बैठक करते हुए यह तय किया है कि 14 में 2024 को भगवान श्री रामचंद्र माता सीता अनुज लक्ष्मण की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी जिसके लिए प्रतिमाएं भी नगर में पहुंच चुकी हैं और जिनका अन्नवास चल रहा है।

## हिण्डोरिया में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई



**हिंडोरिया।** हनुमान जयंती का पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। मंगलवार के दिन हनुमान जयंती के अवसर पर नगर के हनुमान मंदिरों पर सुबह से देर रात्रि तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। जगह जगह पर कन्या भोज, भंडारे का आयोजन किया गया। नगर से चार किलोमीटर दूरी पर स्थित बड़ी भुवन माता परिसर में विराजमान प्राचीन हनुमान प्रतिमा के यहां पर पहुंच कर अनेक संगठनों, मंडिलियो, के द्वारा विशेष पूजा अर्चना के साथ ध्वज चढ़ाया गया। तत्पश्चात लोगो ने भगवान के दरबार में सिंदूर चढ़ा कर माथा टेका। इसके साथ यहां दाल बाटियों का भी प्रोग्राम किया गया। इसके साथ ही नगर के हनुमान मंदिरों में पटेरा नाका, दक्षिण मुखी हनुमान जी मंदिर बेसिक स्कूल, बड़े तालाब के हनुमान मंदिर, पुलिस थाना परिसर मंदिर, उपाध्य वार्ड एवम मुख्य बाजार क्षेत्र हनुमान मंदिर आदि पर सुंदर काण्ड , हनुमान चालीसा का पाठ कर हवन पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। मुख्य बाजार के हनुमान मंदिर में रात्रि को महा आरती की गई।

### हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली

इसी प्रकार उपाध्या वार्ड में मिट्टी की हनुमान प्रतिमा की सुंदर झाकी सजाकर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान डीजे की मधुर धुनों पर उत्साही भक्त नृत्य कर रहे थे चारो और जय श्री राम जय हनुमान के नारे गूंज रहे थे। भव्य यात्रा जैसे ही मुख्य बाजार क्षेत्र पहुंची वहा हनुमान जी की झाकी देखने के लिए लोगो की भीड़ लगी हुई थी। लोगो द्वारा श्री फल के साथ अनेक तरह के फल फूल भेट किए। यात्रा का अनेक जगहों पर लोगो ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। यात्रा में लोग भगवा ध्वज हाथो में लेकर चल रहे थे। जो नगर के विभिन्न मार्गो से होकर निकली। इसके पूर्व सुबह अखंड रामायण पाठ का समापन कर हवन पूजन के साथ भंडारा किया गया एवम हनुमान जी को खीर, पूड़ी, चूरमा का भोग लगाया गया।

## संकट मोचन लाल मंदिर में 36 वर्षों से हो रहा आयोजन

**बनवार।** देव श्री जागेश्वर धाम बांदकपुर में रेलवे स्टेशन रोड संकट मोचन लाल मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। यहां पर यह मंदिर सन 1988 में पंडित श्री



राम दत्त दुबे लाल सरकार द्वारा बनाया गया था तब से लेकर आज तक यहां पर भक्तों का आना-जाना लगा रहता है। 36 बरसों से यहां पर हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर प्रातः सूरज निकलने से पहले महा आरती का आयोजन होता है। इस बार हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर समस्त ग्राम वासियों के साथ भव्य रामायण पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ ने शामिल होकर धर्म लाभ उठाया सन 1988 से विराजमान संकट मोचन हनुमान जी जो की करीब 8 से 9 फुट की मूर्ति के रूप में विराजमान है। यह मूर्ति सन 1988 में कटनी के पास बिलहरी गांव से विराजमान करवाई गई थी पंडित श्री राम दत्त पुजारी ने बताया यहां से पहले जंगल के अलावा कुछ नहीं था तब उसके बाद उन्होंने पहले यहां छोटा मंदिर बनाया। उसके बाद उन्होंने यहां पर कुछ भक्तों की सहायता के साथ बड़ा मंदिर बनाकर संकट मोचन हनुमान जी महाराज की मूर्ति विराजमान करवाई हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर पर हजारों की तादाद में भंडारे एवं प्रसाद का आयोजन प्रतिवर्ष होता है। इस हनुमान जन्मोत्सव की खास बात यह है कि मंगलवार के दिन ही यह त्योहार पड़ रहा है जिससे लोगों के अंदर और भी प्रसन्नता एवं धार्मिकता दिखाई दे रही है।

## गुंडा बदमाशों को टीआई ने थाना में बुलाकर दी चेतावनी

असामाजिक गतिविधियों पर होगी कड़ी कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

आगामी 26 अप्रैल को जिले सहित अनुविभाग में होने वाले लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसके लिए हटा अनुविभाग क्षेत्र के सभी पुलिस थानों के निगरानी गुंडा बदमाशों को सख्त चेतावनी देने हेतु पुलिस कप्तान श्रुकीर्ति सोमवंशी के आदेशानुसार हटा हटा एसडीओपी के निर्देशन में थाना प्रभारी मनीष कुमार द्वारा सभी थाना प्रभारी की उपस्थिति में सभी को हिदायत दी गई कि अवैधानिक गतिविधियों का हिस्सा न बने। उल्लेखनीय है कि हटा एसडीओपी नितेश पटेल के निर्देश पर हटा थाना परिसर में अनुविभाग के सभी थानों के निगरानी गुंडा बदमाशों को हटा टीआई मनीष कुमार ने सख्त लहजे में बताया कि लोकसभा चुनाव 2023 आदर्श आचार संहिता एवं धारा 144 का पालन करें। स्वच्छ छवि का आचरण एवं व्यवहार धारण करें, मतदान के दिन अपने मताधिकारों प्रयोग कर अपने घर पर ही शांतिपूर्वक निवास करे। बदमाशों को किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों में लिप्त नहीं होने की समझाइश दी गई। साथ ही सख्त हिदायत दी गई कि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों पर संलिप्तता होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद सभी निगरानीशुदा गुंडा बदमाशों ने टीआई के बताए निर्देशों का शब्दशः पालन करने की शपथ ली। परेड के दौरान थाना प्रभारी मड़यादो ब्रजेश पांडे, गैसाबाद विकास सिंह चौहान, रजपुरा धर्मेंद्र गुर्जर, रनेह प्रीति पांडे सहित अनुविभाग के पुलिस स्टाफ की उपस्थिति रही।

## निबंध, स्लोगन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता संपन्न

दमोह।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय तथा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं एवं जनमानस में पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने के लिए जनजागरूकता गतिविधि के अंतर्गत ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के ईको क्लब द्वारा ₹विश्व वसुंधरा दिवस₹ के अवसर पर ₹ग्रह बनाम प्लास्टिक₹ विषय पर पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ दिलाने के साथ-साथ निबंध लेखन, स्लोगन लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.पी.अहिरवार एवं ईको क्लब प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत के दिशा निर्देश पर महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग में संपन्न हुआ। निबंध प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफ़िकेट प्रदान किये गए। इस अवसर पर डॉ. ऋषिभा दिक्षित, सरिता सोनी, माधव सिंह उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता संघ एवं मोटर दुर्घटना प्रकरणों के अधिवक्तागण के साथ बैठक सम्पन्न



**दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार जिला दमोह एवं तहसील न्यायालय हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में 11 मई 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के सबंध में श्री अजय प्रकाश मिश्र, प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के की अध्यक्षता में अधिवक्ता संघ, दमोह के पदाधिकारीगण एवं बीमा कंपनी के अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन ए.डी.आर. भवन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय दमोह में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुये माननीय प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष श्री अजय प्रकाश मिश्र ने उपस्थित अधिवक्ताओं से आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों के निराकरण तथा प्रकरणों के निराकरण में होने वाली व्यवहारिक समस्याओं के संबंध में आयोजित बैठक में अधिवक्ताओं के साथ चर्चा की जाकर समस्याओं का निराकरण किये जाने का आश्वासन दिया। उक्त आयोजित बैठक में श्री धर्मेश भट्ट, जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चैरसिया, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुरेश खत्री, बीमा कंपनी के अधिवक्तागण पवन पाठक, सईद कुरैशी, संतोष पाटकर, अजय राय, आवेदक अधिवक्ता श्री मृत्युंजय हजारी, राजेश पटैल कुर्मी, सौरभ अयाची, धर्मेन्द्र पटैल, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम से श्री मनीष नगाईच, श्रीमती प्रेक्षा पाठक, श्री मदन जैन सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे। धर्मेश भट्ट, जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह द्वारा बताया गया कि आगामी नेशनल लोक अदालत हेतु बीमा कंपनी के अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबधं में बीमा कंपनियों के साथ प्रीसिटिंग्स का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी की प्रीसिटिंग दिनांक 24.04.2024 को अपरान्ह 3 बजे से ए.डी.आर. भवन में रखी गई है, जिसमें न्यू इंडिया कंपनी के प्रकरणों के निराकरण के संबंध में आवश्यक चर्चा की जावेगी।

### उत्पीड़ित व्यक्तियों को राहत राशि स्वीकृत

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने म.प्र. अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण नियम 1995 एवं संशोधित नियम 2014 व अनुसूचित जाति-जनजाति नियम एक अगस्त 2016 के प्रावधान अनुसार उत्पीड़ति व्यक्तियों को राहत राशि स्वीकृत की है। जिला स्तरीय राहत समिति द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के 16 उत्पीड़तों को योजना के तहत 14 लाख 50 हजार रूपए एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 6 उत्पीड़तों को 2 लाख 50 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

## जीव परमात्मा का अंश है इसलिए जीव परपात्मा को ना भूलेः शास्त्री

**बनवार।** विवेकानंद परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन उमाशंकर शास्त्री ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रंसग का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत, भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है। वह भव पार हो जाता है। उसे वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती हैं। महाराज ने कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस



वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, उद्धव-गोपी संवाद, द्वारका की स्थापना, रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया। आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति आवश्यक हैं। भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और परिश्रम भी जरूरी हैं। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। उन्होंने कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती हैं। श्री हनुमान जन्मोत्सव का पावन अवसर होने की वजह से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण पान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा पंडाल में उपस्थित रहे।

## मरीजों के परिजनों एवं स्टॉफ को मतदान के लिए किया प्रेरित




**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन जिले में लगातार मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक के मार्गदर्शन में मतदाताओं को मताधिकार के लिए प्रेरित करने का कार्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी की अगुवाई में प्रायवेट अस्पताल यथा मिशन एवं संजीवनी अस्पताल के भ्रमण कर वहां मौजूद प्रबंधक, स्टॉफ एवं मरीजों के परिजनों को 26 अप्रैल को निर्भीक होकर और किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करने का संकल्प दिलाया गया। उन्होने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस दौरान संजीवनी अस्पताल के प्रबंधक डॉ. मनीषा सिंघई एवं मिशन अस्पताल के प्रतिनिधि डॉ. अनु दुआ, डॉ. रश्मि जेकब विशेष रूप से मौजूद रही। पथरिया विकासखंड के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हिनोता में सी.एच.ओ. माधवी साहू एवं लखरोनी में सी.एच.ओ. वर्षा राठौर द्वारा संस्था में आये हितग्राहियों को मौजूद स्टॉफ के साथ 26 अप्रैल को मतदान में भागीदारी कर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का संकल्प दिलाया गया।

## लोकतंत्र का त्योहार मनाने गांव में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में स्वीट प्लान 2024 के तहत आने वाले 26 अप्रैल को लोकतंत्र का त्यौहार जोर-शोर से मनाने तथा मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए ग्राम रसीलपुर में मंगलवार को भव्य मतदाता रैली का आयोजन किया गया। रैली में ग्राम पंचायत सचिव बीएलओ माध्यमिक एवं प्राथमिक साल की समस्त शिक्षकों के साथ युवाओं ने मतदाता जागरूकता के नारे लगाए कि सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो और लोकतंत्र की यही पुकार मतदान करें इस बार, 26 तारीख भूल न जाना मतदान करने जरूर आना, बूढ़े हो या जवान सभी करें मतदान, बहकावे में कभी न आना सोच समझ कर बटन दबाना इत्यादि नारे लगाए रैली के दौरान शिक्षक बालाराम अहिरवार, मदनलाल प्रजापति, आशीष दवे, तुलसीराम, राजेश श्रीवास्तव, सचिव जागेश्वर नामदेव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनुराधा प्रजापति के अलावा आशीष पटेल, रवि अहिरवार सहित गांव के लोगों की उपस्थित रही।



## खबर संक्षेप

### भाजपा का विशाल रोड शो और महाजनसंपर्क अभियान आज

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी जिला दमोह द्वारा दमोह लोकसभा प्रत्याशी राहुल सिंह के समर्थन में विशाल रोड शो एवं महाजनसंपर्क दिनांक 24 अप्रैल को होगा, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि 24 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से भारतीय जनता पार्टी लोकसभा प्रत्याशी राहुल सिंह के समर्थन में विशाल रोड शो एवं महाजनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा जिसमें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, दमोह जिले के चारों विधायक पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह, विधायक उमादेवी खटीक, सभी मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष सहित सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। एकत्रीकरण जिला भाजपा कार्यालय में होगा तदुपरांत विशाल रोड शो डॉ अम्बेडकर चौराहा, सहकारी बैंक चौराहा, बस स्टैंड, एवरेस्ट लॉज, घंटाघर, बकौली चौराहा, डॉ अम्बेडकर चौराहा से होते हुए जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न होगी।

### आज दीपदान, 26 को मतदान कार्यक्रम आज

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आज 24 अप्रैल को शाम 06 बजे बेलाताल में ₹आज दीपदान, 26 को मतदान₹ कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। सी.ई.ओ. जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप अर्पित वर्मा ने कहा है जिला मुख्यालय पर स्थित सभी विभागाध्यक्ष अपने समस्त स्टाफ के साथ कार्यक्रम में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### 27 अप्रैल तक विद्यालय छात्रावास किये गये अधिग्रहित

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये कार्यक्रम अनुसार 26 अप्रैल 2024 को 07-दमोह संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जिले के विधानसभा क्षेत्र 54-पथरिया, 55-दमोह, 56-जबेरा एवं 57-हटा में स्थापित मतदान केन्द्रों पर मतदान संपन्न कराये जाने हेतु मतदान दलों को मतदान सामग्री का प्रदाय पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह से किया जायेगा। लोकसभा निर्वाचन 2024 सम्पन्न कराये जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने मतदान दलों में नियोजित अधिकारी/कर्मचारी के आज 24 अप्रैल को रात्रि में ठहरने की व्यवस्था हेतु तीन दिवस 24 अप्रैल से 27 अप्रैल 2024 तक केन्द्रीय विद्यालय दमोह, पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास विवेकानंद नगर कॉलोनी, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह एवं शासकीय जे.पी.बी. स्कूल दमोह को निर्वाचन के लिए चिन्हित अंश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के तहत तत्काल प्रभाव से अधिग्रहित किये है।

### मतदान हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है, राष्ट्रीय पर्व है, इसलिये सभी लोग मतदान करें-कलेक्टर

# 26 अप्रैल मतदान प्रातः 7 बजे से, वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान वर-वधुओं को मतदान करने विशेष व्यवस्था होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



हमने मतदाता पर्चियों का घर-घर जाकर वितरण करने का काम सुनिश्चित किया है। हम लगातार लोगों के घरों में दस्तक दे रहे है ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान करें। सभी से अपील की गई है कि गमियों के मौसम में वैवाहिक कार्यक्रम हो रहे है, लेकिन मतदान हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है, राष्ट्रीय पर्व है इसलिये सभी लोग मतदान करें। मैं चाहूंगा की मीडिया इसमें हमारा पूरा साथ दे और ये मुहीम हमारी ज्वाइंट मुहीम बने। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय में मतदान के पूर्व मीडियाजनों से चर्चा करते हुये कही। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम सहित मीडियाजन मौजूद थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने कहा जैसा की आप सभी जानते है 26 अप्रैल को दमोह लोकसभा क्षेत्र में मतदान निर्धारित है। मतदान प्रातः 07 बजे से शाम 06 बजे तक होगा। दमोह लोकसभा क्षेत्र की 08 विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत ये मतदान होगा जिसमें कि छतरपुर की 01 सागर की 03 और दमोह की 04 विधानसभा क्षेत्र शामिल है। हमने हर मतदान केन्द्र पर सारी सुविधाओं को सुनिश्चित करने का काम किया है। हर मतदान केन्द्र पर गर्मी को देखते हुए टेंट की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, कुर्सी, दिव्यांगों और बुजुर्गो के लिये विशेष व्यवस्थाएं की गई है। सक्षम एप के माध्यम से जिन दिव्यांगों के जरूरत के मुताबिक आवेदन किये है, उन व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है। मतदान के लिये मतदाता 13 प्रकार के दस्तावेज लेकर जा सकते है, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण मतदाता एपिक कार्ड है, वो लेकर जा सकते है यदि एपिक कार्ड नहीं है तो 12 अन्य प्रकार के कार्ड लेकर जा सकते है और मतदान कर सकते है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने कहा हम मतदाता पर्ची तो सभी को बटवा देते है, लोगों के मन में, पहले यह विचार रहता है कि मतदाता पर्ची से ही मतदान हो जायेगा तो यह बात नहीं है, यह भ्रम हमें दूर करना जरूरी है, मतदाता पर्ची से मतदान नहीं होता है, मतदाता पर्ची तो आपकी सुविधा के लिये है, कि आपका नाम वोटर लिस्ट में है। मतदाता पर्ची से आपका मतदान केन्द्र, वहां पर कितने बजे से कितने बजे के बीच मतदान होगा और यह कंफर्म है कि आप वोट डाल सकते है। वोट डालने के लिये 13 दस्तावेजों की जरूरत पड़ती है, इन 13 दस्तावेजों में से यदि कोई भी एक दस्तावेज आपके पास होता है, तो आप वोट डाल सकते है। सबसे पहले प्राथमिकता एपिक कार्ड को देते है, लेकिन यदि किसी के पास एपिक कार्ड नहीं है या नहीं मिल रहा है तो आधार कार्ड, मनरेगा का जॉब कार्ड, बैंक या डाक घर की पासबुक, ड्राईविंग लाईसेंस, पेन कार्ड पासपोर्ट, सरकारी आईडेंडिटी कार्ड, यूनिक डिसेबिलेटी कार्ड, पेंशन के दस्तावेज, स्वास्थ्य बीमा कार्ड या दिव्यांग यूनीक आईडेंडिटी कार्ड इस तरह इन 13 दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाने पर मतदान किया जा सकता है।

उन्होंने कहा 25 और 26 अप्रैल को शादियों को देखते हुये मेरिज गार्डन वालों को बुलाया गया है, उनके माध्यम से जो वर-वधु है या उनके परिवारजन है उन सभी से आग्रह है विवाह का कार्यक्रम मंगल कार्यक्रम है वह अपनी जगह है, लेकिन इस समय मतदान का कर्तव्य बिल्कुल न भूले और मत डालने के लिये जरूर जायें। जिनके घरों में वैवाहिक कार्यक्रम है, उन लोगों के लिये मतदान केन्द्र पर विशेष प्राथमिकता दें कि वे मतदाता जल्दी से जल्दी मतदान करके वैवाहिक कार्यक्रम में वापिस जा सकें।

उन्होंने कहा दमोह मे तीन तरह के लोग है, पहले वे लोग है जो नौकरी के लिये बाहर गये हुए है, दूसरे वे जो मजदूरी के लिये और तीसरे वे जो पढ़ाई के लिये बाहर गये हुये है। इन सभी से अलग-अलग माध्यमों से हम आग्रह कर रहे है कि ये लोग कम से कम एक दिन मतदान के लिये जरूर आयें। जैसे त्यौहारों पर आते है वैसे ही इस राष्ट्र के त्यौहार पर अवश्य आयें।

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा गाईड लाईन का अच्छे से पालन करना सुनिश्चित कीजिये। इलेक्शन कमीशन की जो गाईड लाईन है, ऐसे बहुत सारे इंसीडेट आये है। चुनाव की प्रकिया बहुत ही संजीदा है इसलिये आप लोगों से यह अपेक्षा रहेगी कि जो 48 घण्टे की और पोलिंग डे की जो प्रक्रिया है, उसको वैसे ही फॉलो करें।

उन्होंने कहा कभी-कभी ऐसा भी होता है बहुत से मीडिया कर्मी जो खुद भी वोट करने जाते है, तो वे अपने उपकरणों को भी गलती से अंदर ले जाते है, तो इस बात का ध्यान रखा जाये कि जिस समय आप वोटिंग करने जायेंगे तो मोबाईल को बाहर किसी को दे दीजिये या बाहर कहीं पर रखवा दिया जाये। ये छोटी-छोटी चींजे है जो आपको गाईड लाईन में भी मिल जायेगी, उनको आप फोलो करेंगे। जिन-जिन केन्द्रों पर आप रिपोटिंग करते है, वहां पर प्रयास कीजिये की मतदाताओं को जागरूक करें।

जनसंपर्क अधिकारी वाय.ए. कुरैशी ने कहा पत्रकार साथियों के लिये प्राधिकार पत्र आ गये है, कुछ निर्देश है जिसमें ये है कि पहचान के लिये आप अपने पहचान पत्र और परिचय कार्ड साथ में रखे जो आपके संस्थान द्वारा जारी किया गया है। मतदान केन्द्र में प्रवेश करने वाले साथियों को ये चाहिए कि प्रतिबंधित दस्तावेजों पर हाथ न लगाये और वहां पर किसी का साक्षात्कार नहीं लेना है। मतदान के दिन प्रचार अभियान जो मतदान केन्द्र के 100 मीटर के क्षेत्र में किसी से साक्षात्कार किसी से नहीं लेना है, इस चीज का विशेष ख्याल रखना है। मतदान के दिन पंक्तिबद्ध जो मतदाता बाहर खड़े है उनकी फोटोग्राफ्स ले सकते है, इसमें आयोग के निर्देश है कि इसमें कोई आपत्ती नहीं है। उन्होंने कहा प्राधिकार पत्र के बिना मतदान केन्द्र के अंदर प्रवेश नहीं करना है और किसी भी परिस्थिति में किसी भी मतदाता का वोट डालते समय फोटो लेने की अनुमति नहीं है।

## आप पार्टी ने दिया कांग्रेस को समर्थन

**दमोह।** जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक अजय टंडन की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रमोहन गुरू ने अपने साथियों के साथ पहुंचकर इंडी गठबंधन की तरह समस्त लोकसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी ने समर्थन दिया है समर्थन देते हुए जिलाध्यक्ष चंद्रमोहन गुरू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 400 पार का नारा देकर देश का संविधान बदलना चाहती है। वह सीडीईडी सीबीआई का दुरूपयोग कर विपक्ष को खत्म करना चाहती है। उनकी पार्टी ने भी इंडी कर पूरे देश में सहयोग करने का निर्णय किया है। इसी तारतम्य में हमने दमोह लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी तरवर सींग लोधी के पक्ष में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया है। । पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में आम आदमी सहित कई पार्टियां हमे सहयोग कर रही है। पत्रकार वार्ता में सतीश जैन, बखेत राम, बृजेश चौबे, राजेश तिवारी, अरूण मिश्रा, राजा रौतेला, प्रफुल्ल श्रीवास्तव सहित आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## राष्ट्रीय महासचिव अजय अवस्थी करेंगे रोडशो

**दमोह।** पार्टी कार्यालय में मंगलवार शाम प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें केंद्रीय उपप्रचार मंत्री भुज्जी लाल सेन जी ने सभी पत्रकारों को बताया की राष्ट्रीय महासचिव सम्मानीय अजय अवस्थी आज कार्यकर्ताओं के साथ 10 किलोमीटर विशाल रोडशो में शामिल होंगे। वही दमोह शहर के जटाशंकर से चैनपुरा, धरमपुरा, पुराना थाना, बड़ापुरा, घगत चौराहा, घंटाघर, कीर्ति स्तंभ, बस स्टैंड, राय चौराहा, तीन गुल्ली, टंडन बगीचा, किल्लाई नाका, केएन कॉलेज, बेलाताल जटाशंकर में संपन्न होगा। वही सभी छेत्र की लोगो को आमंत्रित किया यात्रा नशे मांस से मुक्त चत्रितवान जीवन भय, भूख, भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। प्रेस वार्ता में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी जी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय पटेल की शामिल रहें।

# हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में हुए विविध आयोजन

### नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



संकटों को हरने वाले संकट मोचन और भगवान शिव के रुद्रावतार श्री हनुमान का जन्मोत्सव नगर में धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर व क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों में विशेष साथ सजा के साथ पूजा हवन सुंदरकांड हनुमान चालीसा भंडारा जैसे विविध आयोजन किए गए। श्री हनुमान जयंती को लेकर भक्तों में खासा उत्साह दिखा जहां सुबह से ही मंदिरों में हनुमान भक्तों की भीड़ देखने को मिली। शुभ मुहूर्त में भक्तों द्वारा शौर्य और साहस के प्रतीक माने जाने वाले श्री हनुमान भगवान की पूजा अर्चना की गई। भक्तों ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए मंदिरो में विराजमान हनुमानजी की मूर्ति पर माला, चोला और सिंदूर लगाकर मनोकामना की प्रार्थना की।नगर के समस्त हनुमान मंदिरो में सुबह से ही भक्तो का तांता लगना शुरू हो गया था । नगर के मद्दी का बगीचा में विराजमान राम भक्त हनुमान जी का विशेष श्रृंगार कर उनका विधि-विधान से पूजन अर्चन पंडितो द्वारा किया गया। वही देवश्री गौरीशंकर मंदिर में विराजमान हनुमान मंदिर में सुबह की बेला में श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा अर्चना पं.रामसुजान पाठक द्वारा की गई वहीं पन्ना नाका स्थित धनुषधारी मंदिर मां चंडी जी मंदिर थाना मंदिर परिसर तीन बत्ती तिगड्डा स्थित बजरंग वली मढिया मानपुरा स्थित हठीले हनुमान व ग्राम सकोर में विराजमान दक्षिण मुखी हनुमान की आराधना करने दूर-दराज से लोग पहुंचे। भक्तो द्वारा मंदिरो में अखंड रामायण पाठ एवं भंडारा का आयोजन किया गया।

वहीं रात्रि 8 बजे मद्दी का बगीचा हनुमान मंदिर से जय बजरंग अखाड़ा के सदस्यो द्वारा एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के बड़ा बाजार राम मंदिर रतन बजरिया तीनबत्ती तिगड्डा राय चौराहा से मंदिर मस्जिद चौराहा होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा मार्ग पर नगर के लोगो द्वारा पूजा अर्चना कर हनुमान जी की भव्य आरती की शोभायात्रा में सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति रही। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत वंदन भक्तों द्वारा किया गया।

### हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली



**तेंदूखेड़ा।** मँगलवार को श्रीराम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से विधिविधान से पूजन, अभिषेक हवन पूजन, भंडारा हुआ। ग्राम नरगुवॉ के हनुमान मठ को बड़े ही आकर्षक रूप से सजाया गया। शाम 5.30 बजे से श्री राम भक्त हनुमान जी महाराज की शोभा यात्रा निकाली गई। मुख्य सडक भौडी हनुमान मंदिर में सुबह से हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। नगर की वार्ड क्रमांक 8 में गौशाला के पास नवनिर्मित मंदिर में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान के साथ की गई इसके साथ ही भंडारे की आयोजन के साथ प्रसाद का वितरण किया गया इस दौरान सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पहुंचकर धर्म लाभ उठाया। राम भक्त हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर एक दिन पूर्व से ही नगर तथा आसपास के अनेक हनुमान जी के मंदिरों में अखंड रामायण पाठ, सुन्दर कांड, रामधुन, हनुमान चालीसा का आयोजन प्रारंभ हो गये थे। मँगलवार को हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव पर सुबह से विधी विधान के साथ हवन पूजन अभिषेक एवं कन्या भोज व भंडारे हुए। रेंज परिसर स्थित हनुमान मंदिर में सुबह से पूजन पाट किया गया। शाम 5.30 बजे से मढ़यिाघाट स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर से राम भक्त हनुमान जी की वाहनों में भव्य झांकियां सजा कर बैंड बाजो के साथ पूर्ण भक्ति भाव से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के आगे आगे अखाड़े के सदस्य हैरत अंग्रेज करतब दिखाते चल रहे थे। शोभा यात्रा मढ़यिाघाट हनुमान मंदिर से प्रारम्भ होकर श्रीराम मंदिर पहुंची जहां पूजन के बाद नगर भ्रमण करते हुए ब्लांक परिसर स्थित पंचवटी श्री सिद्ध धाम पहुंची जहां पूजन अर्चन कर नगर भ्रमण करते हुए पुनः मढ़यिा घाट मंदिर में शोभा यात्रा का समापन किया गया। समापन के बाद हनुमान जी महाराज का पूजन एवं आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा के दौरान जगह जगह आरती उतारी गई एवं तारादेही तिराहा चैराहे पर प्रसाद का वितरण किया गया। ऐसे ही नगर के पंचवटी धाम के सभी मंदिरो को भव्य भगवा कलर झंडो, फूलमालाओ सहित अनेक वस्तुओ से सजाया गया था। साथ ही सुबह से हवन पूजन हुआ शाम को हनुमान जी की महाआरती की गई इसके बाद शुद्ध घी के लडडू का प्रसाद वितरण किया।

# मुनि श्री विशदसागर जी का कुंडलपुर से विहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र ,जैन तीर्थ कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सभी शिष्यों का समागम आचार्य पदारोहण अनुष्ठान महोत्सव हेतु हुआ ।16 अप्रैल को आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने आचार्य पद ग्रहण किया ।21 अप्रैल को जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव आचार्य संघ सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। 23 अप्रैल को सायंकाल पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से पूज्य मुनि श्री विशदसागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्री मगन सागर जी महाराज का मंगल विहार कुंडलपुर से पटेरा की ओर हुआ। सभी मुनि आर्यिका संघो ने मुनिश्री संघ को विदाई दी ।मुनि संघ का पहला विहार कुंडलपुर से हुआ ।कुंडलपुर में पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक पूजन करने आज भी बड़ी संख्या में भक्तों का आने का क्रम जारी रहा। श्रद्धालु भक्त पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक कर पुन्यार्जन कर रहे हैं ।वहीं मुनि आर्यिका संघों की आहारचर्या में भाग ले रहे हैं ।मुनि संघों के दर्शन लाभ ले रहे हैं।

## हनुमान जयंती पर हुए धार्मिक आयोजन

**गैसाबाद।** संकट मोचन हनुमान जी महाराज का प्रकटउत्सव धूमधाम से मनाया गया। ग्राम के हनुमानगढ़ी मंदिर में विधि विधान पूर्वक पवन पुत्र हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई। बड़े हनुमान जी मंदिर में अखंड रामायण का पाठ किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। भागवत आचार्य देवेंद्र पांडे जी ने बताया कि आज मंगलवार के दिन हनुमान जयंती का महापर्व मनाया गया है। मंगलवार के दिन हनुमान जयंती होने का विशेष महत्व होता है। हनुमानगढ़ी मंदिर में




श्रद्धालुओं द्वारा विशेष हवन किया गया जिसमें पंडित देवेंद्र पांडे, सत्यनारायण सोनकिया, डॉ भानु पटेल ,शंकर मिस्त्री, दादा भाई, मुरारी राय, राजकिशोर चौरसिया सहित अनेक श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# आज शाम 6 बजे थम जायेगा शोरगुल

### जुलूस, सभा, नारेबाजी, धरना, प्रदर्शन आदि पूर्णतः प्रतिबंधित होंगे

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 26 अप्रैल 2024 को मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होगी। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान 26 अप्रैल 2024 को मतदान प्रक्रिया संपन्न होने तक की अवधि के लिये स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने की दृष्टि से जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के तहत मतदान हेतु नियत समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घण्टे पूर्व यानि 24 अप्रैल 2024 के सायं 6 बजे प्रचार अभियान समाप्त हो जाएगा। परन्तु घर-घर जाकर प्रचार अभियान के संबंध में द्वार से द्वार के भ्रमण को प्रतिबंध से छूट रहेगी। इस अवधि में बिना अनुमति लाउड स्पीकरों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। समस्त प्रचार वाहनों की अनुमतियां स्वतः निरस्त हो जायेंगी। जिले की समस्त विधानसभा क्षेत्रों में 5 से अधिक लोगों के इकट्ठा होने/एक साथ आवाजाही करने की अनुमति नहीं होगी। जारी आदेशानुसार दमोह जिले की समस्त विधानसभा क्षेत्रों में बाहर का कोई भी राजनैतिक नेता/राजनैतिक कार्यकर्ता एवं उनके समर्थक, जो उस दमोह जिले के मतदाता नहीं है, को तत्काल निर्वाचन क्षेत्र को छोड़कर बाहर जाना होगा। यह बिन्दु अभ्यर्थी पर लागू नहीं होगा। इस अवधि के दौरान किसी भी व्यक्ति, अभ्यर्थी अथवा राजनैतिक दल द्वारा किसी चिकित्सालय/शैक्षणिक संस्थाओं/मतदान केन्द्र से 200 मीटर क्षेत्र में पार्टी/अभ्यर्थी का कार्यालय खोलने की अनुमति नहीं होगी। निर्वाचन प्रचार हेतु विभिन्न धार्मिक स्थल तथा मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरूद्धारा आदि के स्थानों का उपयोग नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा है लोक परिवहन, एम्बुलेंस, फायर सर्विसेस, शैक्षणिक संस्थाओं के वाहन, दूध, पानी सब्जी आदि अनिवार्य सेवाओं में लगे वाहन तथा व्यक्तिगत रूप से व्यापार तथा अपने कर्तव्य पर जाने वाले व्यक्तियों व निर्वाचन पदाधिकारियों के वाहनों के परिवहन की छूट होगी। इस अवधि में अन्य वाहनों के परिवहन की अनुमति नहीं होगी। प्रचार प्रयोजन हेतु जारी समस्त वाहनों की अनुमतियां स्वतः निरस्त हो जाएगी तथा मतदान दिवस हेतु सहायक रिटर्निंग आफिसर से अधिकतम 03 वाहनों की पृथक से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

# जिले में स्वीप अभियान के तहत बहुत अच्छा प्रयास किया -संभागायुक्त



**दमोह।** जिले में स्वीप अभियान के तहत बहुत अच्छा प्रयास किया गया हैं, प्रचार-प्रसार के साथ ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर भी गांव-गांव जाकर वोटर स्लिप का वितरण कर रहे हैं, लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। सभी अधिकारी, सभी ऑफिस के लोग मतदान करें, सभी अधिकारी-कर्मचारी उनके परिजन शत-प्रतिशत मतदान करें। यह राष्ट्रीय पर्व हैं, सभी प्रयास करें। इस आशय के विचार संभागायुक्त सागर संभाग सागर डॉं वीरेन्द्र सिंह रावत ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित स्वीप गतिविधियों की समीक्षा बैठक के दौरान व्यक्त किये। बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी अर्पित वर्मा, वनमण्डालाधिकारी एमएस उईके, अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम सहित स्वीप गतिविधियों से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। संभागायुक्त सागर संभाग सागर डॉं वीरेन्द्र सिंह रावत ने कहा जिला कार्यक्रम अधिकारी उनके अधीनस्थ अधिकारी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका मतदान के लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने कहा इस कार्य के लिए ग्राम के कोटवार-पटवारी का भी सहयोग लिया जाए। ग्रामीण और नगरीय निकाय के अधिकारी-कर्मचारी शत-प्रतिशत मतदान में अपनी भूमिका निभायें। संभागायुक्त ने वन मंडल अधिकारी से कहा वन सुरक्षा समितियां और वन अमला भी इस कार्य में सहयोग करे। सहकारिता विभाग का मैदानी हमला भी सक्रिय रूप से मतदान हेतु लोगों को प्रेरित कर मतदान में अपनी सहभागिता निभायें। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि इस बार हमने मतदाता पर्ची वितरण पर फोकस किया है, वे स्वयं और अ धी न स्थ अधिकारियों ने मैदानी अमले के साथ भी घर-घर जाकर पर्ची का वितरण किया है और मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने कहा 26 अप्रैल को शादी काफी संख्या में हो रही है, उन्हें भी प्रेरित कर रहे हैं कि वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान वोट के लिए आयें प्राथमिकता मिलेगी वर-वधु, बाराती आदि भी आए और वोट करें उसके बाद अपने शादी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर राष्ट्रीय पर्व में अपनी सहभागिता निभायें। इसके पूर्व सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से स्वीप गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया नुक्कड़ नाटक, वॉल पेंटिंग, मेहंदी प्रतियोगिता, एक शाम दिव्यांग जनों के साथ, मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन आदि किये गये है और लगातार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया जा सके। इस अवसर पर एसडीम आर एल बागड़ी, एसडीम पथरिया महेन्द्र गुप्ता सहित स्वीप समिति के सदस्य, एम्बेसडर और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।